## सार्वजनिक सूचना
## वन विभाग हिमाचल प्रदेश

### बिलासपुर वन वृत में वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती–2019

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के बिलासपुर वन वृत के अन्तर्गत अनुबन्ध आधार पर वन रक्षकों के कुल 11 पदों के लिये सीधी भर्ती हेतु नीचे दिये गये निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं। अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षकों की भर्ती सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार भर्ती एवम् पदोन्नति नियमों के आधार पर की जाएगी। संविदा के आधार पर नियुक्त वन रक्षक को 5910+2000 Grade pay +50% of Grade pay मासिक वेतन दिया जाएगा। वन रक्षक के पद पर चयनित उम्मीदवार को संविदा के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए लगाया जाएगा जिसे वर्षानुवर्ष आधार पर बढ़ाया जा सकता है। अगर सविंदा में एक वर्ष से आगे बढ़ौतरी की जाती है तो समेकित संविदात्मक रकम में तीन प्रतिशत की वार्षिक बढ़ौतरी की जाएगी। संविदा के आधार पर चयनित वन रक्षक को करार ( Contract) सम्बंधित वन मण्डल अधिकारी को नियम एवं शर्ते जो कि अनुबन्ध में दी गई हैं का प्रारुप हस्ताक्षरित करके देना होगा। वन रक्षक का पद वृत स्तरीय संवर्ग का है। यदि आवेदक वन विभाग में भर्ती होने का इच्छुक हो और निर्धारित शर्ते पूरी करता हो तो निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन पत्र दिनांक 08.11.2019 सायं पांच बजे तक मुख्य अरण्यपाल बिलासपुर वन वृत कार्यालय बिलासपुर (PIN-174001) में डाक द्वारा, व्यक्तिगत रूप से या Online भी विभागीय वेवसाइड **WWW.hpforest.nic.in** दिनांक 11.11.2019 सुबह 10.00 बजे तक निम्नलिखित लिकं पर आवेदन कर सकता है।

**http://forp.hp.gov.in**

जिला किन्नौर, लाहौल स्पीति तथा चम्बा के भरमौर व पांगी उपमंडलों तथा शिमला के डोडरा क्वार उपमडल के उम्मीदवारों के लिए डाक द्वारा आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.11.2019 को सायं पांच बजे तक होगी या Online भी विभागीय वेवसाइड **WWW.hpforest.nic.in** दिनांक 11.11.2019 सुबह 10.00 बजे तक उपरोक्त लिकं पर आवेदन कर सकता है।

**नोटः– उम्मीदवार केवल एक ही विधि से On line या offline आवेदन कर सकता है। आवेदक निधारित प्रपत्र पर अपना टेलीफोन न० व E-mail** पता अवश्य लिखे।

महिला उम्मीदवार भी इस पद के लिए पात्र हैं।

11 पदों का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नलिखित है :-

| श्रेणी | अनारक्षित | भूतपूर्व सैनिक | गृह रक्षक | खिलाडी | आई०आर० डी०पी० | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.सामान्य | 5 | 1 | 1 | 0 | 0 | 7 |
| 2. अनुसूचित जाति | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 3. अन्य पिछड़ी जाति | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| कुल योग | 9 | 1 | 1 | 0 | 0 | 11 |

1 नोटः–भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अन्तर्गत उपरोक्त वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती हेतू भूतपूर्व सैनिक रोजगार सैल कार्यालय हमीरपुर को प्रार्थियों के नाम नामांकित करने हेतू अलग से लिखा जाएगा।

2 गृह रक्षक की भर्ती अनुबन्ध के आधार हेतू सम्बन्ति विभाग को प्रार्थियों के नाम नामांकित करने हेतू अलग से लिखा जाएगा।

3. उक्त पदों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों /अन्य पिछड़े वर्गो और अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय समय पर इस वावत जारी किए गए आदेशों के अनुसार वृत स्तर पर आरक्षण दिया जाएगा ।

4. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी का उम्मीदवार उपलब्ध न होने की स्थिति में उस पद को स्वतः ही अनारक्षित समझा जाएगा तथा उस पद को गैर आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी में से भरा जाएगा।

**पात्रता की शर्ते :–**

1 अभ्यार्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है ।

2 आवेदक का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में दर्ज होना/नवीनकृत Renewal अनिवार्य है ।

3 आवेदक की आयु 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

नोटः–अनुसूचित जातिं/अनुसूचित जन जाति /अन्य पिछडे वर्गो के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी ।

4 आवेदक ने किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड /विश्वविद्यालय से दस जमा दो कक्षा व इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो ।

5 न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः–

| | | पुरूष | महिला |
|---|---|---|---|
| 1 | ऊंचाई ( कद) | 165 सैं0मी0 | 150 सैं0मी0 |
| 2 | छाती (क) विना फुलाए | 79 सैं0मी0 | 74 सैं0मी0 |
| | (ख) फुलाकर | 84 सैं0मी0 | 79 सैं0मी0 |

नोटः–अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को लम्बाई में 5 सैं0मी0 और छाती के माप में 4सैं0मी0 की छूट होगी ।

**भर्ती प्रकिया**

6 शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test)

7 वे उम्मीदवार जो न्यूनतम शारीरिक मापदंड पूर्ण करते हों उन्हें निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण 100 मीटर तथा 800 मीटर दौड़ 1.25 मीटर ऊंची कूद तथा 4.00 मीटर लम्बी कूद ( पुरूष ) एवं 100 मीटर तथा 800 मीटर दौड़, 1 मीटर ऊंची कूद तथा 3.00 मीटर लम्बी कूद ( महिला) सभी में नीचे दिए मानको के आधार पर **उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा** । शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test) परीक्षा के अकं नही दिये जाएगे।

**शारीरिक दक्षता टैस्ट**

| | पुरुष वर्ग | | महिला वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दौड़ | दूरी | समय | दूरी | समय | किसी भी अभ्यर्थी को दौडों में अतिरिक्त चांस नही दिया जाएगा। |
| | 100 मी0 | 14 सैकिन्ड | 100 मी | 17 सैकिन्ड | |
| | 800 मी0 | 2.45 मिनट | 800 मी0 | 4.15 मिनट | |
| कूद/छलांग कम से कम | उंची कूद/छलांग कम से कम | लम्बी कूद/छलांग कम से कम | उंची कूद/छलांग कम से कम | लम्बी कूद/छलांग कम से कम | प्रत्येक अभ्यर्थी को तीन चांस दिए जाएंगे। |
| | 1.25 मीटर | 4 मीटर | 1 मीटर | 3 मीटर | |

8 जो उम्मीदवार शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उत्तीर्ण होंगे, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा (Written Test) में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थान वारे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के तुरन्त बाद सूचित किया जाएगा। लिखित परीक्षा में 85 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (objective type questions) होंगें जिनके उत्तर हेतु 75 मिनट का समय दिया जाएगा और इसमें भाषा, सामान्य विज्ञान व हिमाचल प्रदेश के जंगलो, वातावरण एवं वन्य प्राणी के प्रति सामान्य जागरुकता, सामान्य ज्ञान, reasoning and aptitude इत्यादि प्रश्न शामिल होगें । उत्तर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु **प्रार्थी को नीली/काली स्याही का वालपैन व गत्ता लाना अनिवार्य होगा** ।

9 शारीरिक दक्षता परीक्षण उत्तीर्ण करने के उपरान्त लिखित परीक्षा मे प्राप्त अकों के आधार पर योग्यता सूची (Merit List) तैयार की जाएगी जिसके अनुसार उम्मीदवारों को मुल्यांकन हेतू बुलाया जाएगा, जिस बारे उन्हें पंजीकृत पत्र द्वारा सूचित किया जाएगा ।

लिखित परीक्षा तथा मुल्यांकन परीक्षण के लिए निर्धारित अधिकतम अंको का विवरण निम्नलिखित हैः–

| परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|
| शारीरिक दक्षता | कोई अकं नही (केवल उत्तीर्ण करना अनिवार्य) |
| लिखित परीक्षा | 85 |
| मुल्यांकन | 15 (इन अकों का विवरण Break-up सरकार से प्राप्त आदेशों के अनुसार किया जाएगा। |

## आवेदकों के लिए निर्देश

1) आवेदन पत्र नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र पर जोकि अच्छे सफेद कागज पर टाईप या छपा हो एवं उम्मीदवार द्वारा अपनी हस्तलिपि में भरा होना चाहिए। आवेदक निम्न **Url:- http://forp.hp.gov.in** पर **online भी आवेदन कर सकता है। आवेदक online अथवा निधारित प्रपत्र** दोनों विधियों में से किसी एक विधि द्वारा ही apply करें।

2) प्रार्थना पत्र की जांच के उपरान्त उम्मीदवारों को स्थानीय अखबारों के माध्यम से शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे सूचित किया जाएगा । यदि उम्मीदवार को किसी कारणवश सूचना नहीं मिल पाती है तो वह शारीरिक दक्षता परीक्षा के शुरू होने से पहले वन वृत कार्यालय बिलासपुर में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से 5 बजे सायं तक संपर्क कर सकते हैं।

3) अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा ।

4) यदि कोई आवेदन पत्र अधूरा प्राप्त होता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा ।

5) आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज मूलरुप में अपने साथ अवश्य लांए।

क) दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, 10+2 प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यदि कोई हों।

ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति पिछडा वर्ग, स्वतन्त्रता सैनानियो के बच्चों/पौत्र/पौत्री/आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय व आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों का नवीनतम पमाण पत्र।

ग) एन सी सी / एन एस एस / खेल, अन्य पाठ्य सहायक कियांओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बधित प्रमाण पत्र।

घ) हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम दर्ज होने/ का प्रमाण पत्र (Employment Registration Card) तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो की 4 प्रतियां अपने साथ अवश्य लांए।

6) मुल्याकंन में भाग लेने आए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों की आने तथा वापिस जाने की दूरी यदि 32 किलोमीटर से अधिक है तो नियमानुसार उन्हें दोनों ओर के वास्तविक बस किराए की राशि की प्रतिपूर्ति यात्रा भत्ता द्वारा की जाएगी अन्य उम्मीदवारों को कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

7) यदि प्रार्थी शारीरिक जांच शारीरिक दक्षता परीक्षण लिखित परीक्षा व मुल्याकंन के लिए निर्धारित तिथियों को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी।

नोटः यदि शारीरिक दक्षता परीक्षण निर्धारित तिथि को पूरी नहीं होती है तो यह प्रकिया अगले दिन पूर्ण होने तक जारी रहेगी।

8 शारीरिक जांच तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण की तिथियां आवेदकों के अंग्रेजी नाम के पहले अक्षर के अनुसार निर्धारित की जाएगी। आवेदक अपने नाम के अंग्रेजी के पहले अक्षर के अनुसार निर्धारित तिथि एवं स्थान पर प्रातः 8 बजे शारीरिक जांच तथा शारीरिक दक्षता हेतू उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि अभ्यार्थी को अलग से सूचित की जाएगी।

9) जो अभ्यार्थी रोजगार कार्यालयों द्वारा नामांकित किए जाएगें उनका शारीरिक मापदंड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण भी निम्नलिखित उनके नाम के पहले अक्षर के अनुसार दर्शाई गई समय सारिणी एवं तिथियों को होगा।

10) संविदा पर नियुक्त अभ्यार्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितीकरण का कोई अधिकार प्रदान नहीं होगा।

11) उम्मीदवार वन विभाग हिमाचल प्रदेश के केवल किसी एक ही वन वृत में भर्ती प्रकिया में भाग ले सकेगा।

12) हिमाचल प्रदेश सरकार विना कोई कारण बताए बिना शर्त इस चयन प्रकिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखती है।

13) विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक अरण्यपाल बिलासपुर वन वृत अथवा इस वृत के किसी भी वन मण्डलाधिकारी के कार्यालय में निम्न दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अरण्यपाल बिलासपुर वन वृत -01978-222372

वन मण्डलाधिकारी बिलासपुर -01978-224809

वन मण्डलाधिकारी कुनिहार -01796-262228

14) अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

22/10/19

मुख्य अरण्यपाल,
वन वृत बिलासपुर,
बिलासपुर, हि०प्र०।

| | | |
|---|---|---|
| i) | Weightage for the minimum educational qualification as per the Recruitment & Promotion Rules.(Percentage of marks obtained in the educational qualification would be multiplied by 0.025. For example, an individual has secured 50% marks in the required educational qualifications, he/she will be allowed 1.25 marks (50X 0.025 = 1.25) | 2.5 (two & a half) |
| ii) | Belonging to notified Backward Area or Panchayat, as the case may be | 1 (one) |
| iii) | Land less family/family having land less than 1 Hectare to be certified by the concerned Revenue Authority | 1 (one) |
| iv) | Non-employment Certificate to the effect that none of the family members is in Government/Semi Government. | 1 (one) |
| v) | Differently abled persons with more than 40% impairment/disability/infirmity* | 1 (one) |
| vi) | NSS (atleast one year ) certificate holders in NCC/The Bharat Scout and Guide. Medal winner in National level sports competitions. | 1 (one) |
| vii) | BPL family having family annual income (from all sources) below Rs. 40000/- or as prescribed by the Govt. from time to time. | 2 (two) |
| viii) | Widow/divorced/destitute/single woman | 1 (one) |
| ix) | Single daughter/Orphan | 1 (one) |
| x) | Training of atleast 6 months duration related to the post applied for from a recognized University/Institution. | 1 (one) |
| xi) | Experience upto a maximum of 5 years in Govt./Semi Govt. organization relating to the post applied for (0.5 mark only for each completed year). | 2.5 (two and a half) |
| | Pro-rata weightage for more/less than 15% interviews marks at present will be given accordingly. | |
| | ***Since category of Forest Guard is exempted from 3% reservation meant for differently abled persons, hence no mark will be given to any candidate under this point.** | |

आवेदक अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकाए एवं हस्ताक्षर करें।

फार्म न0......................................

वन विभाग हिमाचल प्रदेश

वन वृत बिलासपुर

**अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन पत्र**

भाग–1

**( आवेदक का विवरण )**

**(वन वृत का नाम)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | पिता /पति का नाम | |
| 3 | स्थाई पता | |
| 4 | (क) पत्राचार हेतु पता | |
| | (ख) सम्पर्क न0 कोई भी (दूरभाष/ मोबाइल ) | |
| | (ग) ई.मेल पता | |
| | (घ) आधार कार्ड की क्रम संख्या | |
| 5 | पहचान चिन्ह | |
| 6 | आवेदक किस श्रेणी से सम्बन्ध रखता है<br>(क) साधारण/अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग<br>(ख) आई0आर0डी0पी0 इत्यादि। (सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां शारीरिक दक्षता परीक्षण के समय साथ लाएं । | ( लागू श्रेणी का नाम )<br>क..........................................................................<br>ख.......................................................................... |
| 7 | जन्म तिथि (दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र के अनुसार)<br>आयु दिनांक 01.01.2019 को<br>(क) अकों में......................................<br>(ख) शब्दों में.......................................... | तिथि माह वर्ष |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता<br>1. दसवीं ($10^{th}$)<br>2 बारहवीं (10+2)<br>3 बीए/बीएससी/बी कॉम<br>4 एमए/एमएससी/एम कॉम<br>अन्य प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां शारीरिक दक्षता परीक्षण के समय साथ लाएं। | |
| 9 | (क) रोजगार/ उप–रोजगार कार्यालय का नाम<br>(ख) पंजीकरण संख्या<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति शारीरिक दक्षता परीक्षण के समय साथ लाएं । | |

| पास वर्ष | प्राप्त अंक | प्राप्त अंको की प्रतिशतता |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

मैं सत्यापित करता/करती हूं कि मेरी जानकारी के अनुसार उक्त दी गई सूचना सही व विश्वसनीय है और यह कि मैं इस वर्ष में हिमाचल प्रदेश के किसी भी अन्य वन वृत में वन रक्षक की भर्ती के लिए उपस्थित नहीं हुआ/हुई हूं।

मैं समझता/समझती हूं कि यदि उपरोक्त तथ्य गलत पाए जाते हैं तो मेरा/मेरी उम्मीदवारी अयोग्य घोषित की जा सकती है अथवा किसी भी स्तर पर मेरे विरूध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांक................................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर